**राजस्थान सरकार**
**स्वायत्त शासन विभाग राज. जयपुर**

क्रमांकः– प 8 (क)(या)( )डीएलबी/16/5324-5511 जयपुर दिनांकः 10/05/16

आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
नगर निगम/परिषद्/पालिकाऐ,
समस्त राजस्थान।

विषयः– राज्य में 4–G नेटवर्क सुविधा प्रदान किये जाने हेतू Cell On Wheels (Cow) मोबाईल टॉवर स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

राज्य में 4–G नेटवर्क सुविधा के कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतू मुख्य सचिव महोदय राजस्थान की अध्यक्षता में गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक दिनांक 30.09.2015 के क्रम में बैठक कार्यवाही विवरण क्रमांक एफ 11 (2)/SE (Roads)/2015/D–323 दिनांक 07.10.2015 जारी किया जा चुका है। (प्रति संलग्न) उक्त बैठक कार्यवाही विवरण के बिन्दु संख्या प्ट के अनुसार इस बैठक मे कम्पनी के प्रतिनिधि ने 4–G नेटवर्क के लिये कुछ स्थानों पर ब्लेक एरिया को सुविधा से जोडने हेतु स्थाई हल होने तक ऐसे अस्थाई मोबाईल टॉवर लगाने की आवश्यकता बताते हुए ऐसे मोबाईल टॉवर स्थापित करने के लिए 5 X 2.2 मीटर जमीन की आवश्यकता बताई है।

बैठक में समिति द्वारा सरकारी एवं निजी भूमि पर Cell On Wheels (Cow) एक वर्ष के लिये लगाने की स्वीकृति देने पर सहमति व्यक्त की जाकर वार्षिक शुल्क एवं वन–टाईम चार्जेज लेने हेतु भी लिखा गया है।

उक्तानुसार मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक दिनांक 30.09.2015 की बैठक कार्यवाही विवरण दिनांक 07.10.2015 के अनुरूप कार्यवाही सम्पादित की जावे।

(पुरूषोत्तम बियाणी)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांक5 प.8(क)(या)( )डीएलबी/16/5512-5552 दिनांकः 10/05/16

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैः–

1. समस्त जिला कलक्टर, राजस्थान
2. उप निदेशक (क्षेत्रिय), स्थानीय निकाय विभाग, समस्त राजस्थान
3. सुरक्षित पत्रावली।

(अशोक कुमार सिंह)
वरिष्ठ संयुक्त विधि परामर्शी

Scanned by CamScanner